लापरवाही बरतने वालों पर सांसद हुए सख्त

- 28 विभागों के 112 मुद्दों की समीक्षा
- विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर

नवभारत न्यूज

इटारसी, 17 जुलाई . होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को नर्मदापुरम कलेक्ट्रेट के रेवा कक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित हुई.

बैठक में 28 विभागों से जुड़े 112 प्रमुख बिंदुओं और जनहित के मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की गई. सांसद ने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों, वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों तथा जनशिकायतों के निराकरण पर जवाब-तलब करते हुए विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

समीक्षा के दौरान शिक्षा, ग्रामीण विकास, कृषि, सिंचाई, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास, खाद्य वितरण, महिला एवं बाल विकास, वन, पंचायत, सहकारिता, कौशल विकास तथा एमएसएमई सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई. कई मामलों में कार्यों में लापरवाही, अनावश्यक विलंब और शिकायतों के समाधान में शिथिलता पाए जाने पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी तथा उपस्थित विधायकों ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए.

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है. इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर अगली समीक्षा बैठक तक ठोस प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना की गई, जबकि सुस्त अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी गई. बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक सीताशरण शर्मा, प्रेमशंकर वर्मा, ठाकुर विजयपाल सिंह, ठाकुरदास नागवंशी, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे. सांसद ने अंत में अधिकारियों से जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का आह्वान किया.

डाक कर्मचारियों का राष्ट्रव्यापी आंदोलन आज

इटारसी, 17 जुलाई . डाक विभाग के निजीकरण के विरोध, कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों और कथित शोषण के खिलाफ भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा की है. महासंघ के संभागीय सचिव (वर्ग-3) नर्मदापुरम संभाग राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि आंदोलन चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा और मांगें पूरी नहीं होने पर 18 अगस्त से देशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी. महासंघ के अनुसार 20 से 27 जुलाई तक कर्मचारी कार्यालयों में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे. इसके बाद 28 जुलाई को मंडलीय कार्यालयों पर लंच अवकाश के दौरान प्रदर्शन किया जाएगा और 5 अगस्त को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी. मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी.

एसडीएम रजनी वर्मा ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

खिरकिया, 17 जुलाई . अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रजनी वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय खिरकिया में समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न शासकीय विभागों के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई.

एसडीएम रजनी वर्मा ने बैठक के दौरान सभी विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के कड़े निर्देश दिए. बैठक में मुख्य रूप से कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि और मंडी से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी तथा मंडी सचिव सहित विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

एक नजर में

रेत का अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर-ट्रॉली जप्त

नर्मदापुरम, 17 जुलाई . कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सतत अभियान जारी है .इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम मरोड़ा तहसील इटारसी से रेत का अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर-ट्रॉली जप्त की गई.

जप्?त वाहन को पुलिस अभिरक्षा में रामपुर गुर्रा थाने में खड़ा किया गया है .उक्त वाहन के विरुद्ध म. प्र. खनिज(अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) के प्रावधान अनुसार प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है.

मारपीट मामले में एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग

इटारसी, 17 जुलाई . पार्सल की डिलीवरी के दौरान डाक की पावती मांगना एक डिलीवरी कर्मी को भारी पड़ गया. इटारसी निवासी मयंक राजपूत ने आरोप लगाया है कि नर्मदापुरम में पार्सल देने पहुंचे दौरान पावती मांगने पर उनके साथ मारपीट की गई, गाली-गलौज की गई और पालतू कुत्ते से भी हमला कराया गया. मामले में उन्होंने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. मयंक राजपूत ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि वह पार्सल डिलीवरी का कार्य करते हैं. 10 जुलाई को वह नर्मदापुरम निवासी महेश चौकसे के यहां पार्सल पहुंचाने गए थे. आरोप है कि डाक की पावती मांगने पर महेश चौकसे ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी. इतना ही नहीं, गाली-गलौज करते हुए अपने पालतू कुत्ते से भी उन पर हमला कराया तथा पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी. मयंक का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने अपने रिश्तेदार को बुलाकर निजी अस्पताल में उपचार कराया. उन्होंने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और भविष्य में किसी भी डाक या डिलीवरी कर्मी के साथ ऐसी घटना न हो, इसके लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है.

20 को इटारसी में जुटेंगे किसान संगठन

इटारसी. क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन, जिला नर्मदापुरम के तत्वावधान में 20 जुलाई को मेहरागांव स्थित देवाशीष मैरिज गार्डन में प्रांतीय एवं जिला स्तरीय किसान बैठक आयोजित की जाएगी. दोपहर 1 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक में मध्य प्रदेश के विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी और किसान भाग लेंगे. संगठन के अनुसार बैठक में किसानों की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा करते हुए प्रस्तावित भोपाल घेराव आंदोलन की रणनीति और आगे की रूपरेखा तय की जाएगी. संगठन ने क्षेत्र के सभी किसान साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को मजबूत बनाने और अपने सुझाव देने की अपील की है.

समाजसेवी पुष्पाबाई तिवारी का निधन

पिपरिया. समाजसेवी एवं वार्ड क्षेत्र में अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक सक्रियता के लिए पहचान रखने वाली पुष्पाबाई तिवारी (62) का आकस्मिक निधन हो गया. उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई. स्वर्गीय पुष्पाबाई तिवारी, पं. नरहरिप्रसाद तिवारी की बहू, पं. कामता प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी, अधिवक्ता पं. के .जी. तिवारी की भाभी, पं. राजेश तिवारी एवं अखिलेश तिवारी की चाची, पं. अभिषेक तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी और अभिलाषा तिवारी की माताजी तथा पं. विनायक तिवारी की बड़ी माताजी थीं. उनकी अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधुओं, शहर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और अधिवक्ताओं ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की.

मीणा समाज की बैठक 26 को

इटारसी. मीणा समाज शक्ति संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की बहुप्रतीक्षित बैठक 26 जुलाई को शुजालपुर में आयोजित होगी. बैठक में मध्य प्रदेश सहित संगठन के चारों प्रांतों के पदाधिकारी, कोर टीम और जिला अध्यक्ष शामिल होंगे. इसमें आगामी त्रिस्तरीय पंचायत, नगरीय निकाय और विधानसभा चुनावों में समाज की भागीदारी बढ़ाने की रणनीति तैयार की जाएगी. साथ ही युवाओं और महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण, स्वरोजगार, स्टार्टअप और उद्योगों से जोड़ने के लिए रोडमैप पर चर्चा होगी.

विद्यालयों में बनेंगे पुस्तकालय व रीडिंग कॉर्नर

- बच्चों में विकसित होगी पढ़ने की आदत

इटारसी, 17 जुलाई . विकासखंड केसला के 10 चयनित शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुस्तकालय एवं रीडिंग कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे. इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने, भाषा कौशल विकसित करने और विद्यालयों में आनंददायक शिक्षण वातावरण तैयार करना है.

कार्यक्रम के संचालन के लिए विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) श्रीमती रत्ना सोनिया ने आवश्यक अनुमति एवं सहयोग प्रदान किया है. यह पहल एकलव्य फाउंडेशन के सहयोग से शुरू की जा रही है, जिसका ब्लॉक स्तर पर समन्वय सुमैया और राजेंद्र करेंगे. योजना के तहत खकरापुरा, शक्तिपुरा, भोबदा, खोहरा, रेशलपाठा, गजनियाबेहड़ा, दौड़ी, कासदा खुर्द, मोरपानी और डांडीवाड़ा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में पुस्तकालय एवं रीडिंग कॉर्नर विकसित किए जाएंगे.झ कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए नियमित पठन-पाठन गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे उनमें पढ़ने की आदत, भाषा दक्षता, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना का विकास हो सके. साथ ही शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से पुस्तकालय को विद्यालय की दैनिक शिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा. आयोजकों का मानना है कि यह पहल बच्चों को पुस्तकों से जोड़ने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता और सीखने की क्षमता को भी बढ़ावा देगी तथा ग्रामीण विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के वातावरण को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी.

बुजुर्ग से 78 .5 हजार रुपये की साइबर ठगी

इटारसी. शहर के जयप्रकाश नगर निवासी एक बुजुर्ग के बैंक खाते से 78,500 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. फरियादी महाराज कुशवाह (59) की शिकायत पर इटारसी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार 13 जुलाई की शाम 5:20 बजे से 16 जुलाई की दोपहर 2 बजे के बीच अज्ञात जालसाज ने धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते से राशि निकाल ली. घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और बैंकिंग विवरण के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है तथा मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है.

कृषि विभाग के डायरेक्टर से मिला किसान प्रतिनिधिमंडल

हरदा, 17 जुलाई . ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग को लेकर आम किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को भोपाल में कृषि विभाग के डायरेक्टर से मिला.

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से मूंग खरीदी का कोटा बढ़ाने का अनुरोध किया है और इस पर उच्च स्तर पर विचार चल रहा है. यूनियन ने प्रति एकड़ खरीदी सीमा 4.80 क्विंटल से घटाकर 1.20 क्विंटल किए जाने पर सवाल उठाए, हालांकि अधिकारियों की ओर से इसका स्पष्ट जवाब नहीं मिला. बैठक में खरीफ-2025 की लंबित फसल बीमा राशि अगले 7-8 दिनों में किसानों के खातों में जारी करने तथा ई-विकास पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया गया. यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि 3-4 दिनों में ठोस निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन की अगली रणनीति की घोषणा की जाएगी.

बढ़ते अपराधों पर अंकुश के लिए नगर सैनिकों की तैनाती की मांग

इटारसी. शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के बीच मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई है.

परिषद के जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अथर खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा को ज्ञापन सौंपकर शहर के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों और तंग गलियों में नगर सैनिक (होमगार्ड) तैनात करने की मांग की. ज्ञापन में परिषद ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के कार्यकाल के दौरान लागू उस व्यवस्था का उल्लेख किया, जिसके तहत शहर के प्रमुख स्थानों पर नगर सैनिकों की स्थायी तैनाती रहती थी.

प्रधानमंत्री आवास सूची से नाम हटाने पर सरपंच संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

पिपरिया. प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थायी प्रतीक्षा सूची से पात्र हितग्राहियों के नाम हटाए जाने के विरोध में सरपंच संघ ने विधायक ठाकुरदास नागवंशी को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि आवास प्लस सर्वे-2024 के तहत ग्राम पंचायतों द्वारा पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़े गए थे और वर्ष 2025 में उनका सत्यापन भी कराया गया, लेकिन जारी स्थायी प्रतीक्षा सूची में कई ग्राम पंचायतों के 10 से 400 तक पात्र हितग्राहियों के नाम हटा दिए गए हैं. सरपंच संघ ने मांग की कि हटाए गए नामों का कारण स्पष्ट किया जाए.

विद्यालय में आयुष विभाग का स्वास्थ्य शिविर

- बच्चों को योग और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

सिवनी मालवा, 17 जुलाई. तहसील के ग्राम जीरावेह स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

जिला आयुष अधिकारी डॉ. श्रीराम करोंजिया के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) जीरावेह की ओर से जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में बच्चों को संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और योग के महत्व की जानकारी दी गई. योग सहायिका शिवानी गुजर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया. उन्हें बताया गया कि नियमित योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा एकाग्रता और कार्यक्षमता में भी सुधार होता है. शिविर का लाभ 20 विद्यार्थियों एवं अन्य लाभार्थियों ने प्राप्त किया. आयुष विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा पद्धति, योग और स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं. कार्यक्रम में डॉ. वैशाली लोवंशी, रेखा गौर, प्रधान पाठक विनोद रघुवंशी, महेश रघुवंशी सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा.

साइबर सुरक्षा और विधिक सहायता की दी जानकारी

- 18 जुलाई को विशेष लोक अदालत आयोजित होगी

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम् में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया.

शिविर में जिला न्यायाधीश नर्मदापुरम दिनेश कुमार नोटिया ने अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट, श्रम कानून, यातायात सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक किया.उन्होंने नेशनल लोक अदालत की भूमिका, मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधान और नालसा की टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी विस्तार से बताया. जिला विधिक सहायता अधिकारी. अभय सिंह ने नि:शुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया समझाई. उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक जीवन के लक्ष्य के प्रति गंभीर और सजग रहने का मार्गदर्शन भी दिया.

दस्तक अभियान के तहत डॉ. सिंह ने किया का निरीक्षण

हरदा. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने शुक्रवार को दस्तक अभियान के तहत ग्राम बैडी में किये जा रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह ने घर-घर जाकर किए जा रहे स्वास्थ्य सर्वे का सत्यापन किया. उन्होंने मैदानी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए और दस्तक अभियान की सभी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं. इस अवसर पर जिला एमएनडी अधिकारी मनीष सकरगाय, सीएचओ सुश्री पूजा राठौर, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थे.

आज करेंगे छात्र शक्ति का सांकेतिक उपवास

पिपरिया, 17 जुलाई . छात्र शक्ति संगठन के तत्वावधान में 18 जुलाई, शनिवार को सुबह 9 बजे से मंगलवारा चौक पर एक दिवसीय सांकेतिक उपवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. संगठन के हर्षित शर्मा ने बताया कि नीट परीक्षा पेपर लीक जैसे गंभीर मामले में अब तक जवाबदेही तय नहीं होने और लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़े सवाल अनुत्तरित रहने के विरोध में यह आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सोनम वांगचुक के समर्थन तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को लेकर आयोजित होगा. सभी छात्र-छात्राओं और नागरिकों से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी भागीदारी दर्ज कर शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर आवाज बुलंद करने की अपील की है.

लंबित मामले के निराकरण की उठाई मांग

हरदा :- पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, जिला शाखा हरदा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम जिलाध्यक्ष अनिल अग्निहोत्री के नेतृत्व में एक ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपकर पेंशनर्स की विभिन्न लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की.

ज्ञापन में एसोसिएशन ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर महंगाई भत्ता दिए जाने, पेंशनर्स के पीपीओ त्रुटियों का शीघ्र निराकरण, जिला स्तर पर पेंशन कार्यालय पुन: शुरू करने तथा जीपीएफ, ग्रेच्युटी एवं अर्जित अवकाश की राशि का एक माह के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की.

इसके अलावा पेंशनर्स के लिए जिला स्तर पर विशेष चिकित्सा सुविधा लागू करने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण समिति गठित करने की भी मांग की गई.

एसोसिएशन ने मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करते हुए पेंशनर्स को राहत प्रदान करने का आग्रह किया.

विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं : विधायक

पिपरिया. जनपद पंचायत सभागृह में विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली.

बैठक में पिपरिया और बनखेड़ी विकासखंड के अधिकारियों से विभिन्न विभागों की प्रगति की जानकारी लेते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के निर्देश दिए. विधायक ने कहा कि किसी भी जर्जर भवन में स्कूल या आंगनबाड़ी संचालित नहीं होना चाहिए. उन्होंने एसडीएम को ऐसे भवनों का सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए. बीईओ ने बताया कि 12 प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, जिस पर विधायक ने कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का समायोजन कर स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया.

जाहिर सूचना

मैं रफीक खान आत्मज छोटे खां निवासी वार्ड क्रमांक 12 पुरानी बस्ती, शाहगंज, तहसील बुधनी जिला सीहोर मप्र पिन - 466554 मेरे पुत्र अशरफ खान के आधार कार्ड में त्रुटिवश मो अशरफ पिता रफीक खां दर्ज हो गया है जो कि गलत है तथा शासकीय दस्तावेजों एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम अशरफ खान पिता रफीक खां दर्ज है जो कि सही है. अतः प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र को मो. अशरफ के स्थान पर अशरफ खान पिता रफीक खां के नाम से जाना पहचाना व लिखा- पढा दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
मो. अशरफ	अशरफ खान
(MoAshraf)	(Ashraf Khan)

समीक्षा बैठक | बरसात के दौरान संक्रामक बीमारियों की रोकथाम की तैयारियों का लिया जायजा

जलभराव और यातायात सुधार के दिए निर्देश : कलेक्टर

हरदा , 17 जुलाई . कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने समयावधि समीक्षा बैठक में बरसात के दौरान संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए खाली प्लॉटों में जलभराव रोकने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. जलभराव वाले निजी प्लॉटों के मालिकों को नोटिस जारी करने की तैयारी भी की जा रही है.

बैठक में हंडिया नर्मदा घाट को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने, घंटाघर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था सुधारने, जर्जर भवनों में स्कूल संचालन पर रोक लगाने, हरदा रिंग रोड निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने तथा सड़कों पर वर्षा जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. इसके अलावा निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में शिफ्ट करने और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण करने पर भी जोर दिया गया.

मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध 08 प्रकरण दर्ज- कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी श्री सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने गत दिवस को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की. जिला आबकारी अधिकारी श्री सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम आमासेल, कमताड़ा, लोलांगरा तथा हरदा शहर के बैरागढ़ व खेड़ीपुरा में दबिश दी. दबिश के दौरान कुल 9 पाव देशी प्लेन शराब व 9 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, एवं 540 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 08 प्रकरण दर्ज किये. जप्त किये गये मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 56484 रूपये है.